प्रसार भारती

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

24.02.2026/प्रादेशिक समाचार/9:20बजे

"आज के मुख्य समाचार"

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा– चंबा में स्थापित होने वाले ग्रीन हाईड्रोजन आधारित मोविलिटी स्टेशन से स्थानीय युवाओं को रोज़गार के अलावा मिलेगा आधुनिक तकनीक को बढ़ावा।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा–चिकित्सा संबंधी यात्रा के लिए भारत को एक पसंदीदा वैश्विक स्थल के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रही है केंद्र सरकार।
- राज्य सरकार ने सीबीएसई स्कूलों में नियुक्त होने वाले शिक्षकों के वरिष्ठता और पदोन्नति संबंधी अधिकार सुरक्षित रखने का लिया निर्णय।
- केंद्र सरकार ने टैक्सी परमिट की वैधता 12 से बढ़ाकर 15 वर्ष की–प्रदेश के लगभग 70 हजार टैक्सी ऑपरेटरों को मिलेगी राहत।
- मंडी जिले की पराशर घाटी में एचपी शिवा परियोजना के तहत जापानी फल की संगठित खेती को दिया जा रहा है बढ़ावा।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि चंबा में प्रदेश का पहला ग्रीन हाईड्रोजन आधारित मोविलिटी स्टेशन स्थापित किया जा रहा है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि इस परियोजना पर लगभग 14 करोड़ रूपए की लागत आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये संयंत्र प्रतिदिन 20 किलोग्राम ग्रीन हाईड्रोजन का उत्पादन करेगा और ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए इसे तीन सौ किलोवाट ग्रिड के सौर ऊर्जा संयंत्र से जोड़ा जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस पहल से जहां स्थानीय युवाओं के लिए रोज़गार के नए अवसर सृजित होंगे वहीं आधुनिक तकनीक को भी बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश हरित ऊर्जा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाएगा।

नडडा–स्वास्थ्य सेवा

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा है कि केंद्र सरकार चिकित्सा संबंधी यात्रा के लिए भारत को एक पसंदीदा वैश्विक स्थल के रूप में स्थापित करने के प्रयास कर रही है। नड्डा ने नई दिल्ली मेंएडवांटेज हेल्थकेयर इंडिया के 8वें संस्करण में एक वीडियो संदेश में यह बात कही। उन्होंने कहा कि सरकार चिकित्सा संबंधी यात्रा को सहयोग के एक ऐसे माध्यम के रूप में देखती है जो विश्वास पैदा करता है और देशों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करता है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि उच्च कुशल चिकित्सा पेशेवर और आधुनिक स्वास्थ्य सेवाअवसंरचना कार्डियोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, अंग प्रत्यारोपण, ऑर्थोपेडिक्स और न्यूरोसाइंस सहित विभिन्न विशिष्टताओं में उन्नत उपचार प्रदान कर रहे हैं।

शांडिल

स्वास्थ्य मंत्री धनीराम शांडिल ने सोलन नगर निगम में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का लोकार्पण किया। उन्होंने निगम के वार्ड नंबर–10 में लगभग 20 लाख रूपए से स्थापित सीसीटीवी व पेवर ब्लॉक का लोकार्पण किया। इस मौके पर शांडिल ने कहा कि वर्तमान समय में सुरक्षात्मक उपायों का मजबूत करने के लिए सीसीटीवी की महत्वपूर्ण भूमिका है।

बम्बोला क्लस्टर में 13 हेक्टेयर क्षेत्र में 8,500 पौधों का रोपण किया जा रहा है। यह परियोजना क्लस्टर आधारित मॉडल पर संचालित की जा रही है, जिसके अंतर्गत किसानों को आधुनिक बागवानी तकनीक, उन्नत किस्मों के पौधे, सिंचाई सुविधाएं और मूल्य संवर्द्धन से जोड़ा जा रहा है। बागवानी विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. वी.पी. बैंस ने बताया कि जापानी फल स्वास्थ्य की दृष्टि से लाभकारी होने के साथ–साथ बाजार में तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। बढ़ती मांग को देखते हुए यह फसल क्षेत्र के बागवानों के लिए आय का सशक्त और टिकाऊ माध्यम बन सकती है।

शिवा परियोजना

उप–निदेशक बागवानी डॉ. संजय गुप्ता ने कहा कि एचपी शिवा परियोजना के माध्यम से क्लस्टर आधारित खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है, जिससे उत्पादन, गुणवत्ता और विपणनकृतीनों स्तरों पर किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि परियोजना के अंतर्गत किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन और प्रशिक्षण भी उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे नई फसलों को वैज्ञानिक तरीके से अपनाकर अपनी आय में वृद्धि कर सकें।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के घणाहट्टी में लगभग 21 करोड़ रूपए के विभिन्न विकासात्मक कार्यों की आधारशिला रखी। इस अवसर पर उन्होंने तीन सौ महिलाओं को सिलाई मशीनें भी वितरित कीं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका है। विक्रमादित्य सिंह ने समाज में बढ़ती नशे की समस्या की रोकथाम में भी सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में नशे की कोई भी जानकारी हो तो उसे पुलिस व जिला प्रशासन के अधिकारियों को दें ताकि इस समस्या को बढ़ने से रोका जा सके।

सीबीएसई

प्रदेश सरकार ने सीबीएसई एक्सीलेंस योजना के तहत नियुक्त होने वाले शिक्षकों को राहत देते हुए उनकी वरिष्ठता और पदोन्नति संबंधी अधिकार सुरक्षित रखने का निर्णय लिया है। सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के मुताबिक नई व्यवस्था के अनुसार स्क्रीनिंग टैस्ट के बाद सीबीएसई स्कूलों में तैनाती लेने वाले शिक्षकों को मौजूदा समय में सीबीएसई शिक्षक सब कैडर में शामिल होने का विकल्प देना होगा। इससे शिक्षकों की वरिष्ठता, पदोन्नति और सेवा शर्तों पर किसी भी प्रकार का प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा।

निर्वाचन आयोग– गोलमेज सम्मेलन

नई दिल्ली के भारत मंडपम में आज भारत निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयुक्तों का राष्ट्रीय गोलमेज सम्मेलन आयोजित होगा। यह गोलमेज सम्मेलन 27 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद आयोजित हो रहा है। पिछला सम्मेलन वर्ष 1999 में हुआ था। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर निर्वाचन आयुक्त डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी भी उपस्थित रहेंगे।

सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों के साथ सम्मेलन में भाग लेंगे। इसके अलावा, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी भी सम्मेलन में शामिल होंगे।

टैक्सी परमिट

केंद्र सरकार ने टैक्सी ऑपरेटरों को राहत देते हुए टैक्सी परमिट की वैधता 12 से बढ़ाकर 15 वर्ष कर दी है। केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्रालय द्वारा इस संबंध में जारी अधिसचूना के बाद प्रदेश के लगभग 70 हजार टैक्सी ऑपरेटरों को लाभ होगा। उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के समक्ष इस मामले को प्रमुखता उठाया गया था। उन्होंने कहा कि केंद्र के इस फैसले से न केवल हिमाचल बल्कि देशभर के टैक्सी ऑपरेटरों को फायदा होगा।

शिवा परियोजना

मंडी जिले में द्रंग विधानसभा क्षेत्र की पराशर घाटी में एचपी शिवा परियोजना के तहत जापानी फल की संगठित खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। हमारे मंडी जिला संवाददाता ने बताया कि इस पहल के तहत घाटी के छह कलस्टरों में कुल 70 हैक्टेयर भूमि पर लगभग 40 हजार पौधे रोपित किए जाएंगे जिससे करीब दो सौ बागवान लाभान्वित होंगे।

चुनाव प्रकिया

चंबा जिला में निर्वाचन क्षेत्रों के परिसीमन से संबंधित अधिसूचना प्रकाशित कर दी गई है। जिला उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बताया कि 27 फरवरी तक कोई भी व्यक्ति अपनी आपत्तियां व आक्षेप प्रस्तुत कर सकता है। इस संबंध में अंतिम निर्णय 2 मार्च को होगा।

सड़क सुरक्षा

किन्नौर जिला उपायुक्त अमित कुमार ने अधिकारियों को यातायात नियमों का पालन करने के प्रति लोगों को जागरूक करने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। एक बैठक में उन्होंने बताया कि वीर योजना के तहत सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को तुरंत चिकित्सा उपलब्ध करवाने व अस्पताल ले जाने वाले व्यक्ति को 25 हजार रूपए की राशि सम्मान के रूप में दी जाती है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत एक व्यक्ति साल में पांच बार ये ईनाम प्राप्त कर सकता है।

सुर्खियां समाचार पत्रों से.......

आज समाचार पत्रों ने अलग—अलग खबरों को प्रमुखता दी है। अमर उजाला की सुर्खी है चमियाना अस्पताल में रोबोटिक सर्जरी की फीस 20 हजार बढ़ी—अब 30 हजार के बजाय देने होंगे 50 हजार, हिमकेयर और आयुष्मान में कवर नहीं।

दैनिक जागरण की एक खबर है हिमाचल में निवेश के नाम पर दो सौ करोड़ रूपए का घोटाला।

हिमाचल में बनी 71 दवाएं जांच में फेल शीर्षक से दिव्य हिमाचल लिखता है जनवरी महीने के ड्रग अलर्ट में मानकों पर खरी नहीं उतरी देश की 2 सौ 15 दवाएं।

मुख्यमंत्री के हवाले से पंजाब केसरी ने सुर्खी दी है इंदिरा गांधी मातृ—शिशु संकल्प योजना से कुपोषण मुक्त होगा हिमाचलं

दैनिक भास्कर की एक खबर है हिमसेवा पोर्टल में अब एआई की एंट्री, डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन होगी मिनटों में।

हिमाचल दस्तक की एक सुर्खी है प्रदेश में 15 मार्च से पहले होगा कांग्रेस कार्यकारिणी का गठन।

'अंत में मुख्य समाचार'' एक बार फिर

- मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा— चंबा में स्थापित होने वाले ग्रीन हाईड्रोजन आधारित मोविलिटी स्टेशन से स्थानीय युवाओं को रोज़गार के अलावा मिलेगा आधुनिक तकनीक को बढ़ावा।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने कहा—चिकित्सा संबंधी यात्रा के लिए भारत को एक पसंदीदा वैश्विक स्थल के रूप में स्थापित करने का प्रयास कर रही है केंद्र सरकार।
- राज्य सरकार ने सीबीएसई स्कूलों में नियुक्त होने वाले शिक्षकों के वरिष्ठता और पदोन्नति संबंधी अधिकार सुरक्षित रखने का लिया निर्णय।
- केंद्र सरकार ने टैक्सी परमिट की वैधता 12 से बढ़ाकर 15 वर्ष की—प्रदेश के लगभग 70 हजार टैक्सी ऑपरेटरों को मिलेगी राहत।
- मंडी जिले की पराशर घाटी में एचपी शिवा परियोजना के तहत जापानी फल की संगठित खेती को दिया जा रहा है बढ़ावा।